माननीय मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में दिनांक–08.10.2026 को अपराह्न 04:30 बजे से आयोजित वित्तीय वर्ष 2027–28 के बजट प्राक्कलन से सम्बन्धित बैठक की कार्यवाही :–

सर्वप्रथम बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। इसके उपरान्त वित्तीय वर्ष 2027–28 के बजट प्राक्कलन से सम्बन्धित विषय की समीक्षा की गयी एवं कतिपय निदेश दिये गये :–

1. सभी प्रशाखा/निदेशालयों अन्तर्गत संचालित योजना/गैर–योजना संबंधी विपत्रकोड में पिछले तीन वर्षों का Comparative Chart बनाया जाय जिसमें प्राप्त बजट, व्यय एवं बचत (प्रत्यर्पण) के साथ बचत के अभ्यर्पण का तार्किक कारण अंकित हो, ताकि तर्कसंगत बजट का निर्माण किया जा सके।

   (अनुपालन–सभी संबंधित प्रशाखा/निदेशालय)

2. बजट प्राप्तियाँ के विरूद्ध जिन विषयों में लक्ष्य के अनुरूप राशि प्राप्त नहीं की जा सकी है, उसकी समीक्षा की जाय एवं एक संक्षिप्त विवरणी तैयार की जाय। पिछले तीन वर्षों का निर्धारित लक्ष्य एवं इसके विरूद्ध प्राप्तियाँ संबंधी Comparative Chart बनाया जाय।

   (अनुपालन–प्रशाखा 09)

3. हाट, बाजार, कचहरी इत्यादि सभी सैरातों में Minimum Amenity यथा–Washroom, पेयजल, बैठने की समुचित व्यवस्था आदि हेतु बजट उपबंध किया जाय।

   (अनुपालन–प्रशाखा 09)

4. लोकभूमि से अतिक्रमण हटाना– लोकभूमि के अतिक्रमण मुक्त कराने में होनेवाले व्ययभार की वसूली संबंधित अतिक्रमणकारी से करने हेतु कार्रवाई की जाय। लोक भूमि के अतिक्रमण के प्रकार के अनुरूप हेतु जुर्माना/दण्ड/शूल्क अधिरोपित करने संबंधी कार्रवाई करने हेतु प्रस्ताव उपस्थापित किया जाय, जैसे–सरकारी भूमि पर पक्का मकान, झोपड़ी, नाले के ऊपर अतिक्रमण।

   (अनुपालन–प्रशाखा 07)

5. सरकारी भूमि की तलाश कर यदि घेराबंदी की आवश्यकता हो तो, घेराबंदी हेतु बजट प्राक्कलन तैयार करने की कार्रवाई की जाय (योजना)।

   (अनुपालन–प्रशाखा 06)

6. Data-cum-Anchal Record Room- 537 अंचल कार्यालयों में से 456 अंचलों में भवन निर्माण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। शेष 81 अंचल कार्यालयों में भवन का निर्माण शीघ्र पूर्ण कराये जाने हेतु उचित कार्रवाई की जाय। उक्त हेतु उपबंधित बजट का व्यय के उपरान्त उपबंध 1 (एक) करोड़ से बढ़ाकर वर्तमान आवश्यकता के अनुरूप प्रस्ताव प्रेषित की जाय (योजना)।

   (अनुपालन–मू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

7. विभागीय मुख्यालय कक्षों/प्रकोष्ठों के आधुनिकीकरण हेतु बजट को वर्तमान आवश्यकता के आलोक में पुनरीक्षित करने की कार्रवाई की जाय (योजना)।

(अनुपालन–प्रशाखा–02)

8. पंचायत सरकार भवन में राजस्व कार्यालय में राजस्व संबंधी अभिलेखों को सुरक्षित रखने हेतु आलमीरा, कर्मियों हेतु उपस्कर एवं आगंतुकों को बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करने की कार्रवाई की जाय (योजना)।

(अनुपालन–प्रशाखा–04)

9. जर्जर, मरम्मत योग्य अंचल कार्यालय/राजस्व कचहरी की पहचान कर उसकी मरम्मति हेतु भवन निर्माण विभाग से सम्पर्क स्थापित कर, Estimate तैयार कर तदनुरूप बजट की व्यवस्था हेतु कार्रवाई की जाय।

(अनुपालन–प्रशाखा–03 एवं 04)

10. गृहस्थल क्रय योजनान्तर्गत भूमि की अनुपलब्धता की स्थिति में लाभुकों हेतु भूमि क्रय हेतु देय राशि में यदि अभिवृद्धि किया जाना आवश्यक है, तो इस संबंध में प्रस्ताव का गठन कर प्रस्तुत किया जाय।

(अनुपालन–प्रशाखा–17)

11. वर्तमान में जिस भवन में बिहार भूमि न्यायाधिकरण कार्यालय संचालित है, वह अपेक्षाकृत काफी छोटा है। उक्त कार्यालय में पदस्थापित न्यायिक पदाधिकारी/प्रशासनिक पदाधिकारी हेतु पर्याप्त कमरे नहीं है। इस संबंध में निदेश दिया गया कि इस कार्यालय हेतु भूमि की तलाश कर भवन निर्माण के संबंध में कार्रवाई की जाय।

(अनुपालन– बिहार भूमि न्यायाधिकरण एवं संबंधित प्रशाखा)

12. अभिलेखागार भवन की घेराबंदी हेतु भवन निर्माण विभाग से सम्पर्क स्थापित कर, Estimate तैयार कर तदनुरूप बजट की व्यवस्था हेतु कार्रवाई की जाय (योजना)।

(अनुपालन–भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

13. ADM Courts की समुचित व्यवस्था हेतु बजट उपबंध कर दिया जाय। भूमि चिन्हित करने हेतु एवं आवश्यक निर्माण कार्य हेतु ADM's को निदेशित किया जाय।

(अनुपालन–प्रशाखा–02)

अंत में धन्यवाद के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

(जय सिंह)
सचिव
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग,
बिहार, पटना।

ज्ञापांक–05–बजट बैठक–समीक्षा–52–2026 436 (5)/रा0, पटना–15, दिनांक–29/10/26

प्रतिलिपि :– सचिव, राजस्व पर्षद/निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय/निदेशक, चकबंदी निदेशालय/निदेशक, भू–अर्जन निदेशालय/निबंधक, बिहार भूमि न्यायाधिकरण/सभी अपर सचिव/संयुक्त सचिव/सभी उप सचिव/सभी विशेष कार्य पदाधिकारी/सभी अवर सचिव/सभी प्रशाखा पदाधिकारी/आई0टी0 मैनेजर, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

29.10.26

(देवेश कुमार)
सरकार के उप सचिव,
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग,
बिहार, पटना।